हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, बुधवार 4 फरवरी 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान

अधिकतम 29 डिग्री

न्यूनतम 15 डिग्री


13 वनों में आग न लगाने व आर्द्रभूमि को स्वच्छ रखने का दिया संदेश





14 विकास, ऊर्जा स्वावलंबन और वित्तीय समावेशन...




## खबर संक्षेप

### आज से हसदा में कबीर सत्संग

**अमलीडीह(धमतरी)।** ग्राम हसदा में आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से आज से संत गौरव साहेब किशनगढ़ राजस्थान का संगीतमय कबीर सत्संग समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी ऐश्वर्य भेंसले ने दी।

### बिरगुड़ी में मड़ई 7 को

**नगरी।** ग्राम बिरगुड़ी में ग्रामवासियों के सहयोग से 7 फरवरी को मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए भूपेश प्रकाश साल्हेटोला चारामा की प्रस्तुति होगी। यह जानकरी ग्राम समिति के संरक्षक रामकुमार सरोज, दीपेश नाग ने दी।

### भुसरेंगा में मानस सम्मेलन 6 से

**बगदेही(धमतरी)।** ग्राम पंचायत भुसरेंगा में ग्रामीणों के सहयोग से तीन दिवसीय मानसगान प्रतियोगिता 6 से 8 फरवरी तक रखी गई है। प्रतियोगिता में लगभग 30 प्रतिभागी मंडली भाग ले रही है। यह जानकारी ग्राम विकास समिति के सचिव विजय साहू ने दी।

### सिवनीकला में सत्संग समारोह 6 से

**सिर्री।** ग्राम सिवनीकला में कबीर पारख सत्संग समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 6 से 8 फरवरी तक सत्संग समारोह का आयोजन रखा गया है। सत्संग समारोह चम्पेश्वर पारा में होगा। प्रवचन के लिए रंजीत साहेब जमुई बिहार से अपनी संत मंडली के साथ पहुंचेंगे। 6 और 7 फरवरी को प्रवचन सुबह 11 से 2 बजे तक और दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक रहेगा। 8 फरवरी को सुबह 11 से 2 बजे तक प्रवचन कर महाप्रसादी के साथ समापन किया जायेगा। यह जानकारी नीलकमल साहू ने दी।

### भोथली में हवन-पूजन एवं शिव अनुष्ठान 5 को

**नगरी।** नगरी विकासखंड अंतर्गत ग्राम भोथली एवं आश्रित ग्राम गीतकारमुड़ा की धरती पर स्वयंभू भगवान शिव के शिवलिंग के प्रादुर्भाव के उपलक्ष्य में 5 से 7 फरवरी तक तीन दिवसीय हवन-पूजन, रुद्राभिषेक एवं यज्ञ अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है। धार्मिक अनुष्ठान वैदिक विधि-विधान से अनुभवी ब्राह्मण आचार्यों के द्वारा संपन्न कराए जाएंगे। प्रथम दिवस 5 फरवरी को कार्यक्रम का शुभारंभ देव आह्वान एवं मंगल कलशयात्रा के साथ होगा। द्वितीय दिवस 6 फरवरी को वेदी पूजन, देव पूजन होगा। अतिथि विधायक सिहावा अम्बिका मरकाम, भानेन्द्र ठाकुर उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस धमतरी, भूषण साहू ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस, प्रमोद कुंजाम जनपद सदस्य, क्षमा साहू, नंदनी साहू, जवाहर मरकाम अध्यक्ष 16 पाली महामाई फरसियां शामिल होंगे। तृतीय दिवस 7 फरवरी को भगवान महाकाल के पूजन, रुद्राभिषेक एवं यज्ञ की पूर्णाहुति के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

### पूर्व छात्र-छात्राओं का मिलन समारोह 7 को

**धमतरी।** बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा इतिहास विषय में स्नातकोत्तर कक्षाएं प्रारंभ होने पर 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 7 फरवरी को सुबह 11:30 बजे से नवीन भवन में भूतपूर्व छात्र-छात्राओं का मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर विभाग द्वारा एक स्मारिका का प्रकाशन किया जा रहा है। समारोह में सन 2000 से 2025 तक इतिहास विभाग से पढ़कर निकले सभी विद्यार्थियों को आमंत्रित किया गया है। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. हेमवती ठाकुर ने अपील की है कि जिन विद्यार्थियों से संपर्क नहीं हो पाया है, ऐसे विद्यार्थी इस सूचना को आमंत्रण स्वीकार करें।

निजी अस्पताल का मामला : परिजनों के विरोध के बाद दिया शव, लेकिन फाइल नहीं दी

# पेमेंट को लेकर अस्पताल ने रोका अधेड़ का शव व फाइल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सड़क दुर्घटना में घायल अधेड़ की निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। बिल बकाया होने के नाम पर अस्पताल ने परिजनों को शव देने से रोक दिया। परिजनों के विरोध के बाद शव तो दिया लेकिन ट्रीटमेंट की फाइल को बंधक रख लिया है।

सूत्रों के अनुसार कांकेर थाना क्षेत्र के ग्राम मनकेशरी निवासी पवन पटेल पिता नारदराम उम्र 57 वर्ष किसानी का काम करता था। 22 जनवरी को अधेड़ गांव के रतिराम के घर उद्‌घाटन कार्यक्रम में गया था। वहां से अधेड़ साइकिल चलाते हुए गांव के पास स्थित बाईपास को क्रॉस कर रहा था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार अधेड़ को टक्कर मार दी। घायल अधेड़ को उपचार के लिए कांकेर जिला अस्पताल ले गए। जहां से रिफर करने पर घायल को धमतरी के सिविल लाइन स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान सोमवार की रात्रि 8 बजकर 25 मिनट पर उसकी मौत हो गई। उपचार के दौरान परिजन समय-समय दवाई व अस्पताल का बिल जमा करते आ रहे थे। अधेड़ की मौत होने के बाद रात्रि में परिजन शव को मर्च्यूरी ले जाना चाह रहे थे। लेकिन अस्पताल ने 30 हजार का बिल बकाया होने की बात कह शव को सुपुर्द करने के लिए मना कर दिया। जबकि परिजनों का कहना है कि घायल लगभग 12 दिन निजी अस्पताल में भर्ती रहा है। इस दौरान 1 लाख 55 हजार रुपए दिये जा चुके हैं। इसके बाद भी 30 हजार रुपए बकाया होने की बात कहकर रोक दिया। बकाया पेमेंट के बाद ही शव देने की बात कही। परिजनों ने इसका जमकर विरोध किया। मामला बिगड़ता देख अस्पताल ने रात्रि 11.30 बजे परिजनों को शव तो दे दिया लेकिन बकाया पेमेंट को लेकर मृतक के ट्रीटमेंट की फाइल को रोक दिया। इस बात को लेकर परिजनों ने मंगलवार को अस्पताल के सामने विरोध किया। ज्ञात हो कि उक्त अस्पताल द्वारा बिल को लेकर मरीज व मृतक के परिजनों के साथ दुर्व्यवहार किए जाने का मामला आया है।



# नवजात की मौत के बाद परिजनों ने जिला अस्पताल में मचाया हंगामा

- मेटरनेटिव स्टॉफ पर लगाया लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



पांच दिन पहले जिला अस्पताल के मेटरनेटिव वार्ड में भर्ती गर्भवती महिला के प्रसव के दौरान बच्चे के मृत पाए जाने पर परिजनों ने हंगामा करते हुए स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

स्थानीय रामसागरपारा निवासी दिलीप कुर्रे ने मीडिया को बताया कि उसकी पत्नी ममता कुर्रे दूसरी बार गर्भवती हुई। गर्भकाल पूरा होने के बाद ममता को प्रसव के लिए 28 जनवरी को जिला अस्पताल के जचकी वार्ड में भर्ती कराया गया। लगभग छह दिन अस्पताल में भर्ती रखने के बाद मंगलवार को नार्मल डिलीवरी कराई गई जिसमें नवजात मृत था। परिजनों का कहना है कि डाक्टर व स्टाफ ने नार्मल डिलीवरी की बात कहकर लंबे समय तक मरीज को भर्ती रखा, समय रहते सिजेरियन डिलीवरी कराई जाती तो बच्चे की जान बच सकती थी। इस दौरान प्रसव में देरी होते देख डाक्टर व स्टाफ से बार- बार आपरेशन करने के लिए कहा गया। लेकिन वे समय आने पर नार्मल डिलीवरी होने की बात कहते रहे। ज्यादा पूछने पर मेटरनेटिव स्टाफ द्वारा दुर्व्यवहार भी किया गया। घटना से आक्रोशित परिजनों ने जिला अस्पताल में हंगामा मचाया। उनका कहना है कि स्टाफ द्वारा समय रहते सिजेरियन प्रसव कराया जाता तो ऐसी नौबत नहीं आती। परिजनों ने कहा कि इस मामले की शिकायत करेंगे।

### संबंधित डॉक्टर को जांच करने कहा है

इस मामले में सिविल सर्जन ने मीडिया को बताया कि अंतिम समय में नवजात ने गंदा पानी पी लिया था। आगे की जांच करने संबंधित डॉक्टर को कहा गया है।

# टोकन नहीं कटा तो धान उठाव और खाद वितरण का करेंगे बहिष्कार

- डाही के किसानों ने धान खरीदी का समय बढ़ाने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



जनवरी माह के साथ समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का समय समाप्त हो चुका है। कांग्रेस, आम आदमी पार्टी सहित किसान संगठनों ने धान खरीदी का समय बढ़ाने चक्काजाम तथा प्रदर्शन किया लेकिन सरकार की मंशा धान खरीदी के लिए समय बढ़ाने की नहीं है जिससे धान बेचने से वंचित किसानों में आक्रोश देखा जा रहा है। मंगलवार को धान उपार्जन केन्द्र डाही के किसानों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर धान खरीदी का समय बढ़ाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। समय नहीं बढ़ाए जाने पर धान उठाव और खाद वितरण का बहिष्कार करने की चेतावनी दी है।

डाही उपार्जन केन्द्र के किसान बसंत मरकाम, कृष्णलाल साहू, चन्द्रहास उइके, योगेश कुमार साहू, खोमन लाल ध्रुव, ईशु कुमार, डेहराराम गौतम, भूपेन्द्र कुमार, पुनीत राम सहित दो दर्जन किसानों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। किसानों ने जिलाधीश के नाम आवेदन में कहा है कि धान खरदी वर्ष 2025-26 में सभी किसानों का धान विक्रय के लिए पंजीयन हुआ है। धान खरीदी का समय 31 जनवरी था लेकिन अभी तक 54 किसान धान बेचने से वंचित है जिसमें से कुछ किसानों का ऋण भी बाकी है। बार-बार पूछे जाने के बाद भी किसानों को धान खरीदी के संबंध में संतोषप्रद जवाब नहीं मिल रहा है। किसानों ने कहा है कि 3 फरवरी तक धान बेचने से वंचित किसानों का टोकन नहीं कटता है तो सभी किसान 4 फरवरी से धान खरीदी केन्द्र डाही पं.क्र. 619 में धान उठाव एवं खाद वितरण का बहिष्कार करेंगे। किसी प्रकार की अप्रिय घटना होती है तो इसकी सम्पूर्ण जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी।

# सालों बाद फिर से स्कूली लाइफ जीने का मिला मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी







स्कूल में मिलकर पूर्व छात्रों ने स्कूली जीवन एंजॉय किया। एक दूसरे से मिलकर पुरानी यादें ताजा की। यही नहीं स्कूल परिसर में खूब मौज मस्ती भी की और स्कूली लाइफ के बाद के जीवन के अनुभव भी साझा किए।

- सेजेस बठेना में हुआ पूर्व छात्र मिलन समारोह

सोमवार को पीएम श्री मेहतरू राम धीवर शासकीय उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय बठेना में पूर्व छात्र -मिलन समारोह का आयोजन किया गया। संस्था के इस अभिनव प्रयास में सत्र 1989 से अब तक सभी पूर्व छात्रों को बुलाया गया था। स्कूली लाइफ फिर से जीने का मौका मिलता देख बड़ी संख्या में पूर्व छात्र काम धाम छोड़कर स्कूल में आए थे। इस दौरान उन्होंने बढ़-चढ़कर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। गीत, नृत्य में भूतपूर्व छात्रा सीमा साहू, भुवनेश्वरी साहू, प्रेमलता साहू ने शानदार प्रस्तुति दी। छात्रों ने अपने शिक्षक-छात्र अनुभव साझा किए। समारोह के विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा श्रीमती रंजना डीपेन्द्र साहू एवं सांसद प्रतिनिधि नीरज नाहर थे।

विधायक प्रतिनिधि ज्ञानचंद सिन्हा, बठेना पार्षद श्यामलाल नेताम, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष विनय जैन, शिक्षा विभाग के अधिकारी सहायक संचालक आरएन मिश्रा, सेवानिवृत्त प्राचार्य केएल देवांगन, सेवानिवृत प्राचार्य नागेन्द्र पाण्डेय, सेवानिवृत्त व्याख्याता गोपाल मत्स्यपाल, रमा वर्मा, एमएल साहू, एमएस भास्कर, एचएल सिन्हा, संस्था प्राचार्य रविंद्र कुमार साहू, नरेंद्र कुमार साहू, आशीष गजेंद्र उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक नीता नेताम एवं मानिक सिन्हा किया।

### खूब किया एंजॉय

स्कूल से निकलने के बाद छात्र अपने काम, पढ़ाई सहित अन्य कार्यों में व्यस्त हो गए हैं। ऐसे में स्कूल से न्योता मिलने पर वे उत्साह के साथ स्कूल पहुंचे। यहां पर छात्र फिर से स्कूल जीवन के रंग में रंग गए। अपने पुराने साथियों के साथ कक्षा में बैठकर स्कूली लाइफ का मजा लिया। यही नहीं पुरानी यादें भी ताजा की। पूर्व छात्रों ने एक बार फिर स्कूली लाइफ एंजॉय करने का मौका देने पर स्कूल का आभार माना।

# मोंगरागहन हाईस्कूल को हायर सेकेंडरी में उन्नयन करने की ग्रामीणों ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



चार साल से लगातार प्रयास के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं

कांकेर जिले की सीमा से लगे डुबान क्षेत्र के मोंगरागहन हाईस्कूल को हायर सेकेंडरी स्कूल में उन्नयन करने की मांग क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों तथा ग्रामीणों ने की है।

मंगलवार को डुबान क्षेत्र की जनपद पंचायत सदस्य उर्वशी ध्रुव, मोंगरागहन तथा कोड़ेगांव बी के सरपंच, भिड़ावर, मोंगरागहन की शाला प्रबंधन समितियों के अध्यक्ष, सचिव तथा ग्रामीणों का हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जिसमें कहा है कि शासकीय हाईस्कूल मोंगरागहन की स्थापना सन 2018 में हुई है जहां 9 पोषक शाला ग्राम के बच्चे अध्ययन करते आते हैं। वर्तमान में शाला की दर्ज संख्या 50 है। 10वीं की पढ़ाई पूरी करने के बाद आगे की शिक्षा के लिए बच्चों को अन्यंत्र जिले के हायर सेकेंडरी स्कूल में भर्ती होना पड़ता है। इससे विद्यार्थियों को अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। जिले के डुबान क्षेत्र में मात्र एक हाईस्कूल है जो मोंगरागहन से 15 किमी दूर पड़ता है। जहां जंगल एवं पहाड़ी रास्ता होने से आना- जाना असंभव है। हाईस्कूल मोंगरागहन को हायर सेकेंडरी स्कूल में उन्नयन के लिए क्षेत्रवासी चार साल से लगातार मांग कर रहे है, लेकिन अब तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हो सकी है। मोंगरागहन स्कूल के पास विद्यालय भवन एवं खेल मैदान के लिए पर्याप्त जमीन है। वित्तीय वर्ष 2026-27 से पहले हायर सेकेंडरी स्कूल में उन्नयन करने की मांग की गई है।

# 50 साल से बिजली, पानी की समस्या से जूझ रहे छुहीभर्री के वनवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



- व्यवस्था के लिए कलेक्टर से लगाई गुहार

विगत 50 साल से जंगल में निवासरत 45 परिवार बिजली और पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। मंगलवार को कलेक्टोरेट पहुंचे छुहीभर्री के वनवासियों ने पानी और विद्युत व्यवस्था देने की मांग कलेक्टर से की है।

कलेक्टोरेट में आवेदन देने पहुंचे छन्नूराम मरकाम, मनोज कुमार, रजउ राम, सोपसिंह, सहदेव, नसीब कुमार, रोहित कुमार, कैलाश कुमार ने बताया कि ग्राम बांधा तथा मोहमल्ला के लगभग 45 परिवार वर्ष 1975 से वन कक्ष क्रमांक 277, 289 छुहीभर्री में निवास कर रहे हैं जहां बिजली तथा पेयजल की व्यवस्था नहीं है। जंगली जानवरों तथा जहरीले जीव जंतुओं का खतरा हमेश बना रहता है। बिजली नहीं होने से रात में अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसी तरह पानी की कोई व्यवस्था नहीं हुई है। वन क्षेत्र के वासियों ने पेयजल तथा विद्युत व्यवस्था की मांग कलेक्टर से की है।

96 हजार से ज्यादा किसानों की लॉट लिस्ट जारी

# इसी माह मिलेगी किसानों को सम्मान निधि

**किसान सम्मान निधि**

| किस्त | किसान | राशि (करोड़ में) |
|---|---|---|
| 13वीं | 79304 | 17.30 |
| 14वीं | 78664 | 17.71 |
| 15वीं | 87458 | 20.38 |
| 16वीं | 92742 | 20.53 |
| 17वीं | 96107 | 21.07 |
| 18वीं | 98347 | 21.92 |
| 19वीं | 102036 | 23.64 |
| 20वीं | 99677 | 22.02 |
| 21वीं | 96296 | 19.26 |

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





जिले के 96 हजार 323 से ज्यादा किसानों को किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त जारी की जाएगी। वह भी इसी माह। हालांकि इसके लिए अभी केंद्र सरकार से कोई तारीख तय नहीं की गई है, लेकिन किसानों की लॉट लिस्ट जारी की गई है। इस लिस्ट में अभी और भी किसानों के नाम जुड़ सकते हैं।

किसान सम्मान निधि की राशि बढ़ाने की उड़ती हुई खबर के बीच फरवरी माह में किसानों को सम्मान निधि देने की तैयारी की जा रही है। अभी तारीख तय नहीं है पर उम्मीद की जा रही है कि इस माह के दूसरे या तीसरे सप्ताह में किसानों के खाते में सम्मान निधि की 22वीं किस्त दे दी जाएगी। हालांकि अभी सम्मान निधि बढ़ाने के लिए कोई निर्देश नहीं आया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले किसान सम्मान निधि की 21 वीं किस्त 19 नवंबर को जारी की गई थी। इस दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का धमतरी में एक भव्य कार्यक्रम में आयोजित किया गया था। सम्मान निधि की किस्त हर चार माह के अंतराल में डाली जाती है। चार माह पूरे हो चुके हैं। ऐसे में केंद्र शासन द्वारा इसकी तैयारी की जा रही है।

### बढ़ेगी किसानों की संख्या

पिछली किस्त में 96 हजार 296 किसानों को 19 करोड़ 26 लाख रूपए जारी किए गए थे। कुछ किसानों का नया पंजीयन हुआ है। कुछ किसानों का नाम कटा है। इन सब के बीच 22 वीं किस्त में किसानों की संख्या बढ़ने की संभावना है। जानकारी के अनुसार 96 हजार 323 किसानो की लॉट लिस्ट जारी की जा चुकी है। इसमें और भी किसानों के नाम जुड़ने की उम्मीद है।

### 11 सौ किसानों का आधार सीडिंग पेंडिंग

पीएम किसान सम्मान निधि में उन्हीं किसानों को पात्र माना गया है, जिनका बैंक अकाउंट, आधार कार्ड और सम्मान निधि में नाम बिल्कुल एक जैसा है। छोटी सी भिन्नता होने पर भी सम्मान निधि नहीं दी जा रही है, जिसके कारण कई किसान इस योजना के तहत लाभ पाने से वंचित हो रहे हैं। वहीं 1131 किसान ऐसे हैं, जिनका या तो आधार सीडिंग नहीं हुआ है। खाते में नाम गलत है या फिर उनके आधार कार्ड में कुछ संशोधन हुआ है।

# भीम आर्मी ने यूजीसी के नए नियमों का किया समर्थन



- राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**धमतरी।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन छग ने यूजीसी नियमों का समर्थन किया है। मंगलवार को भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष मिलाप साहू सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा है कि यूजीसी में अधिसूचित नए नियम भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 15 तथा 21(क) में निहित मूल अधिकारों की भावना को प्रभावी रूप से सुदृढ़ करते हैं जो उच्च शिक्षा में समान अवसर, निष्पक्षता, पारदर्शिता, गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में संविधान सम्मत एवं जनहितकारी पहल है। यूजीसी के नए नियम संवैधानिक दायित्वों को पूर्ति करते हुए वंचित, पिछड़े एवं हाशिए पर स्थित वर्गों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में समुचित एवं समान अवसर प्रदान करने में सहायक सिद्ध होंगे। उक्त नियम राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों के अनुरूप है जिसका उद्देश्य शिक्षा को समावेशी, लचीला, बहुविषयक एवं ज्ञान आधारित बनाना है। इस प्रकार यूजीसी का नया नियम नीति संगत है। भीम आर्मी ने नए नियम का समर्थन किया।

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय बजट किसानों के हित में : नरेश



**मगरलोड।** प्रदेश किसान मोर्चा, विशेष आमंत्रित सदस्य एवं जी-राम-जी (विकसित जनजागरण अभियान) के सदस्य नरेश सिन्हा ने केंद्रीय बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट बहुत ही अच्छा और किसान हितैषी है। छोटे किसानों की आमदनी बढ़ाने के दिशा में कार्य स्वागतेय है। पशुपालन के लिए लोन पर सब्सिडी, मत्स्य पालन के लिए 500 जलाशयों का विस्तार, किसानों के लिए कोको योजना, अखरोट, बादाम के लिए नई स्कीम, किसानों के लिए भारत विस्तार नामक एआई टूल लांच किया गया है जो छत्तीसगढ़ और अन्य स्थानीय भाषाओं में कृषि संबंधी सलाह देगा।

### भाजपा का कोई भी काम जनता को संतुष्ट नहीं कर पा रहा : लेखराम



**अंवरी।** केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा पेश किए गए आम बजट को लेकर पूर्व विधायक कुरूद एवं राष्ट्रीय समन्वयक पिछड़ा वर्ग नई दिल्ली लेखराम साहू ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने बजट को किसानों, व्यापारियों और युवाओं के लिए निराशाजनक बताया। लेखराम साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से कृषि पर आधारित है, लेकिन बजट में किसानों के लिए कोई विशेष पैकेज नहीं दिया गया, जो निंदनीय है। किसानों की आय दोगुनी करने की घोषणा के बावजूद आज किसान अपनी ही फसल बेचने में परेशान हैं। उन्होंने मांग की कि सरकार किसानों की फसल खरीद और उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए ठोस व्यवस्था करे। युवाओं के लिए रोजगार भत्ता और रोजगार योजनाओं पर भी बजट में कोई ध्यान नहीं दिया गया। व्यापारियों के लिए भी किसी विशेष राहत पैकेज की घोषणा नहीं हुई। अमेरिकी शुल्क के कारण कपड़ा उद्योग को हो रहे नुकसान पर चिंता जताते हुए उन्होंने कहा कि इसका सीधा असर रोजगार पर पड़ रहा है। साथ ही शेयर बाजार में एसटीटी चार्ज बढ़ाने से भारी आर्थिक नुकसान होने की बात भी कही।

### पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक 6 को

**धमतरी।** पेंशनर एसोसिएशन छग प्रदेश जिला शाखा धमतरी की मासिक बैठक 6 फरवरी शुक्रवार को दोपहर 12 बजे पेंशनर एसोसिएशन भवन में आयोजित की गई है। इस अवसर पर नववर्ष का मिलन समारोह मनाया जाएगा। अध्यक्ष वीरेन्द्र नाग, सचिव मोतीलाल हिरवानी ने पेंशनर सदस्यों से उपस्थिति की अपील की है।

## निधन

### शांतिबाई साहू



**अमलीडीह(धमतरी)।** ग्राम हसदा निवासी श्रीमती शांतिबाई साहू का आकस्मिक निधन 31 जनवरी को हो गया। वे भेनेश्वर साहू, एगेश्वर साहू, रामकुवंर साहू एवं कणेश्वरी साहू की मां एवं संदीप, रविकांत डोमेन्द्र की दादी थीं। उनकी अंतिम यात्रा गृह निवास से निकली जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणजन व परिवारजन सम्मिलित हुए।

### राहीबाई देवांगन



**कुरुद।** समीपस्थ ग्राम कोकड़ी निवासी श्रीमती राहीबाई देवांगन का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे पति रामहूलाल देवांगन, पुत्र तेजराम देवांगन, राजकुमार, नाती भूपेंद्र, हिमांशु, ऋषभ समेत भरा-पूरा परिवार छोड़कर चली गई। उनके अंतिम संस्कार में नाते-रिश्तेदार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

---

बेटियों की शिक्षा में निवेश समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है : मिश्रा

# मेधावी बेटियों ने बढ़ाया जिले का मान, कलेक्टर ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




रजत जयंती वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय मेधावी बेटियां सम्मान कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शासकीय विद्यालयों की मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली प्रथम तीन-तीन छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र एवं राशि प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने छात्राओं की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि शासकीय विद्यालयों की बेटियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का गौरव बढ़ाया है। यह सफलता उनके निरंतर परिश्रम, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि बेटियों की शिक्षा में निवेश समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है तथा जिला प्रशासन शिक्षा की गुणवत्ता, समान अवसर और बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। श्री मिश्रा ने छात्राओं को लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन और सतत अध्ययन पर विशेष ध्यान देने की सलाह देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र ठाकुर, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा देवहारी, डिप्टी कलेक्टर कल्पना ध्रुव, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती जगरानी एक्का और जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल सहित विभागीय अधिकारी, शिक्षकगण एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान कक्षा 10वीं में मोक्षिका साहू (शाउमावि पचपेड़ी) ने 97.33 प्रतिशत, भूमिका साहू (शाउमावि सिलौटी) ने 97 प्रतिशत एवं नैना कोसले (शाउमावि भाठापारा) ने 96.50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं कक्षा 12वीं में हेमिन (शाउमावि कन्या कुरूद) ने 93.40 प्रतिशत, लीना साहू (स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल कुरूद) ने 92.60 प्रतिशत तथा मुस्कान (शाउमावि कन्या कुरूद) ने 91.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया।

# बीएसएफ प्रशिक्षण पूरा कर घर लौटी डॉली का हुआ भव्य स्वागत





- स्वागत में ग्रामीणों ने रैली निकाली, फूलमाला पहनाकर उनके साथ तस्वीरें भी खिंचवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭डांडेसरा(धमतरी)

ग्राम पंचायत डांडेसरा की डॉली बघेल सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का प्रशिक्षण पूरा कर सोमवार को अपने गांव लौटी। पिता जतीराम बघेल मजदूरी करते हैं, मां सफरी बघेल गृहणी हैं। घर वापसी पर उनका ग्रामवासियों, महिला कमांडो ने रैली निकालकर और फूल-मालाओं के साथ अभिनंदन किया। गांव में जगह-जगह लोगों ने डॉली को फूलमाला पहनाई और उनके साथ तस्वीरें खिंचवाई। डॉली पिछले वर्ष 18 जनवरी 2025 में पश्चिम बंगाल के बैकुंठपुर प्रशिक्षण केन्द्र के लिए रवाना हुई थी, जहां उन्होंने 1 वर्ष की कड़ी ट्रेनिंग सफलतापूर्वक पूरी की। उपलब्धि से पूरा गांव गर्व और खुशी से झूम उठा।

मंगलवार को नीलम चन्द्राकर जिला पंचायत सदस्य भी उनके घर पहुंचे और डॉली को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में सुभाष ध्रुव पूर्व जनपद सदस्य कुरूद, सरपंच खुमेश्वरी साहू, उपसरपंच दामिनी चन्द्राकार, ग्रामीण उपाध्यक्ष पंकज जोशी, हरीश साहू, महेश साहू, श्रवण नागे, कैलाश साहू, सियाराम रात्रे, अंगद चन्द्राकर, सुरेश साहू, नंदकुमार नगारची, शिवकुमार साहू, बनवाली साहू, शंकर चन्द्राकर, टिकेश्वर बघेल, मनीष साहू, भगेला बघेल समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# गर्ल्स कॉलेज को जल्द मिलेंगी सुविधाएं

- प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू ने किया शासकीय कन्या महाविद्यालय का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय का भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक रंजना साहू ने वार्षिक उत्सव में शामिल होने के उपरांत निरीक्षण किया और कालेज प्रशासन की मांगों को सुना। श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि कन्या महाविद्यालय सर्वसुविधायुक्त हो, हमारी बेटियों की शिक्षा में कोई कमी नहीं हो इसके लिए प्रदेश की भाजपा सरकार और हम सभी प्रतिबद्ध हैं। दूर से आने वाली बालिकाओं के लिए जल्द ही सर्वसुविधायुक्त सौ बिस्तर का छात्रावास बनकर तैयार होगा। नए विषय कॉलेज में जल्द शुरू होंगे जिसमें एमएससी जुलॉजी, एमएससी बॉटनी एवं एमकॉम होगा। इसके साथ ही स्पोर्ट्स ग्राउंड बनकर तैयार होगा जिससे बालिकाओं को खेल में अपनी प्रतिभा बनाने के अवसर भी मिलेंगे। हमारा पूर्ण प्रयास है कि धमतरी की बेटियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा और अच्छा वातावरण मिले। उनके साथ जिला पंचायत सदस्य धनेश्वरी साहू, श्रीमती दमयंती साहू, जागेश्वरी साहू, विजय साहू, अशोक सिन्हा, ईश्वर सोनकर, उमेश साहू, अनीता यादव, विनय जैन, लोकेश टंडन, आयुश दीवान, मिश्री पटेल, फलेंद्र साहू उपस्थित थे।

# महानदी मैया की महाआरती में शामिल हुए सैकड़ों भक्त

- प्रकृति का संरक्षण करना हम सभी का दायित्व : सत्यनारायण बाबा
- वर्ष भर में कुल सत्रह बार होती है आरती

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



माघ पूर्णिमा पर दो दिवसीय महानदी मैया की महाआरती का आयोजन महानदी सेवा संस्थान सिहावा नगरी क्षेत्र द्वारा कर्णेश्वर धाम देऊरपारा में किया गया। प्रथम दिवस गंगा घाट पर प्रातः कालीन बेला में पहुंचे संत सत्यनारायण बाबा कोटेश्वर धाम ने शाही स्नान करने के उपरांत महानदी मैया की महाआरती की।

माघ पूर्णिमा महोत्सव 2026 का शुभारंभ हुआ। सायंकालीन बेला अवसर पर अंजोर सिंह ने कहा कि महानदी मैया की महिमा अपरम्पार है। संगम स्थल पर अस्थि विसर्जन का एक स्थान है जहां पर दूर-दूर से लोग अस्थि विसर्जन के लिए आते हैं। विसर्जन के कुछ क्षण में ही मनुष्य की हड्डी उस स्थान से गायब हो जाता है । यह बड़ा प्रमाण है। संस्था की संरक्षक श्रीमती प्रेमलता नागवंशी ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण करना हम सभी का कर्तव्य है।

विधायक अंबिका मरकाम ने आरती स्थल हेतु शेड निर्माण का आश्वासन दिया। मैया के भक्तों को इसका लाभ मिलेगा। महानदी मैया की आरती निरंतर होती रहे। इसके साथ ही हम सभी को गंगा मैया को स्वच्छ एवं निर्मल रखने का प्रयत्न करना होगा।

देवब्रत गौतम ने आय व्यय की जानकारी दी। समिति के महाआरती प्रमुख पेमेन्द्र पटेल ने अभार व्यक्त किया। महाआरती में राकेश साहू, राकेश निर्मलकर, मुकेश यादव सचिव, लोकेश सोनी उपाध्यक्ष, सूर्यांशु ठाकुर, गोवर्धन वैष्णव, पेमेन्द्र पटेल, महानदी सेवा संस्थान के अध्यक्ष पंकज साहू, देवब्रत गौतम संयोजक, अशोक ध्रुव, पवन मिश्रा, सच्चिदानंद स्वर्णबेर, हेमू नेताम, सहसंयोजक नरसिंग मरकाम, उपाध्यक्ष एसकुमार साहू, पारेंद्र साहू, निर्मल एल्मा, शेषनारायण साहू, निर्मल बिसेन, ललित साहू, श्री राम हिन्दू संगठन बिरगुड़ी व महानदी प्रहरी के सदस्य सहित नगरी सिहावा अंचल के सैकड़ों भक्त

# पैरा एथलीट मुकेश ने जीते 2 रजत एवं 1 कांस्य पदक



हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

कृषि महाविद्यालय जोरा रायपुर में आयोजित 16वीं छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सक्षम छत्तीसगढ़ के कार्यकर्ता मुकेश जाट ने 80 प्रतिशत दिव्यांग होने के बावजूद शानदार प्रदर्शन करते हुए गोला फेंक एवं तवा फेंक स्पर्धा में रजत पदक व भाला फेंक में कांस्य पदक हासिल किया। पार्षद श्री हिरवानी ठाकुर ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि मुकेश जाट न केवल खेल के मैदान में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं बल्कि दिव्यांगजनों के अधिकारों और उनके कल्याण की लड़ाई में भी सक्षम के एक मजबूत स्तंभ के रूप में काम कर रहे हैं। उनकी यह सफलता उन सभी दिव्यांगजनों के लिए प्रेरणास्त्रोत है जो शारीरिक चुनौतियों के कारण अपने सपनों को अधूरा छोड़ देते हैं।

मौके पर नगर पंचायत कर्मचारी भूपेंद्र चंद्राकर, उज्जवल निषाद, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि तोरण सिन्हा और पार्षद यादराम गायकवाड़ उपस्थित थे।

# राजिम कुंभ में महाकाव्य संगीत मंडली कचना ने दी प्रस्तुति






हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

छत्तीसगढ़ राज्य का प्रयाग त्रिवेणी संगम राजिम कुम्भ कल्प में 1 से 15 फरवरी तक विशाल मेला का आयोजन हो रहा है। धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग छग शासन एवं जिला गरियाबंद द्वारा विभिन्न मंचों में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से प्रारंभ हो जाता है। द्वितीय दिवस पुरुषोत्तम सेन शिक्षक द्वारा संचालित महाकाव्य संगीत मंडली कचना द्वारा सुगम संगीत एवं जगराता की अनुपम प्रस्तुति दी गई। सर्वप्रथम मातारानी के चरणों में वंदना गीत गाया गया, तत्पश्चात विशाल दर्शकों के मध्य महाकवि सुरदास, तुलसी, मीरा एवं कबीर भजन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन छग अंचल के प्रसिद्ध उद्घोषक एवं कवि निरंजन साहू ठहाका द्वारा जयशंकरप्रसाद की पंक्तियों से किया गया।

### सेवानिवृत्ति पर प्रधानपाठक को दी गई विदाई

**नगरी।** शासकीय प्राथमिक शाला दलदली अ में प्रधानपाठक सूर्य नारायण राव की सेवानिवृत्ति पर विदाई सहसम्मान समारोह का आयोजन किया गया। ग्रामवासी, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने उन्हें सम्मान पूर्वक विदाई दी। संकुल प्राचार्य महेश्वर सिंह जयसिंधु ने प्रधानपाठक सूर्य नारायण राव को स्मृति चिन्ह भेंटकर उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी महेश्वरी ध्रुव ने उनकी सरलता, समर्पण और कार्यनिष्ठा को सराहा। श्री राव अपने 42 साल के कार्यकाल को याद कर भावुक हुए। शालेय विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे संस्था के शिक्षक राजकुमार शील ने प्रधानपाठक की मेहनत, ज्ञान और उनके द्वारा दिए गए जीवन के महत्वपूर्ण बातों का आभार व्यक्त किया। मौके पर चित्ररेखा कुंजाम सरपंच, शमारिजवाना खान बीआरपी, कामेश्वर साहू संकुल समन्वयक, देवेंद्र साहू प्रधानपाठक, गणेश ध्रुव प्रधानपाठक, मनमोहन मरकाम शिक्षक, नरेश कोर्राम ग्राम पटेल, मोतीराम गोटा, रजुला बाई, मालती बाई पंच, परसराम ध्रुव उपस्थित थे।

# अतिथियों ने बालिका शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला



- कन्या शिक्षा परिसर दुगली में वार्षिक उत्सव सह सम्मेलन हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

शासकीय कन्या शिक्षा परिसर दुगली में वार्षिक उत्सव सह सम्मेलन कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक अंबिका मरकाम रहीं। विशेष अतिथि श्रवण मरकाम पूर्व विधायक, हृदय साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, कलावती मरकाम जनपद सदस्य, रामेश्वर मरकाम सरपंच, मयाराम नागवंशी आदिवासी समाज प्रमुख, रमेश मंडावी सरपंच बांधा, उषा नेताम सरपंच पाईकभाठा थे। कार्यक्रम में अतिथियों ने छात्राओं की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए बालिका शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और शिक्षा के माध्यम से समाज के सर्वांगीण विकास का संदेश दिया। इस अवसर पर प्राचार्य सुश्री शांति पटेल, छात्रावास अधीक्षिका राजकुमारी मंडावी, संकुल समन्वयक हरक मंडावी समेत स्कूल स्टाफ, पालक समिति के सदस्य तथा ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

जन सुविधाओं के अनुरूप होगा क्षेत्र का विकास : अजय

# नवीन नगर पंचायत करेली बड़ी का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड





कुरूद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करेली बड़ी में नवीन नगर पंचायत का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर ने विधिवत पूजा अर्चना कर लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री चंद्राकर ने कहा कि बड़ी करेली और खट्टी एक ही ग्राम पंचायत रहा है। आज दोनों गांव के लिए ऐतिहासिक दिन है ।नगरीय निकाय योजना एवं व्यवस्था के तहत विकास की अविरल धारा रहेगी। राजनीति में सकारात्मक सोच के साथ जन सुविधाओं के लिए मानसिकता बदलने की आवश्यकता है ।

श्री चंद्राकर ने आगे कहा कि बड़ी करेली पंचायत का आश्रित ग्राम खट्टी है जिसके साथ कभी भी भेदभाव नहीं होगा। निकाय व्यवस्था के तहत अधोसंरचना व 15 वें वित्त की अनुदान राशि से ग्राम खट्टी से विकास प्रारंभ करने प्रभारी सीएमओ अशोक चौहान को निर्देशित किया। नगर पंचायत करेली बड़ी में 8 करोड़ 67 लाख रुपये की लागत से औद्योगिक क्षेत्र निर्माण का भूमिपूजन किया गया। अध्यक्षता कर रहे जनपद अध्यक्ष वीरेंद्र साहू ने कहा कि पूर्व कैबिनेट मंत्री अजय चंद्राकर की दूरगामी सोच का परिणाम है कि आज बड़ी करेली को नवीन नगर पंचायत की सौगात मिली है। बिना मांगे लोगों की आवश्यकताओं को पूरा करने का नाम अजय है। कुरूद नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने कहा कि नगरीय व्यवस्था के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार सहित क्षेत्र का चौमुखी विकास होगी। नगर पंचायत भखारा की अध्यक्ष ज्योति जैन ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

मौके पर जिपं सभापति मीना साहू, सरपंच खेमलता साहू, उपसरपंच तोरण आनेश्वरी, जनपद सदस्य देवेंद्र पाल, मेघा मंडल अध्यक्ष कल्याण सिंह राजपूत, मगरलोड मंडल अध्यक्ष रोहित मोहन साहू, जनपद सभापति राजेश साहू, मेघा मंडल पूर्व अध्यक्ष होरीलाल साहू, भोथीडीही समिति प्राधिकृत अधिकारी शत्रुघ्न साहू, महेंद्र साहू, खैरझिटी सरपंच जयनारायण साहू, हसदा सरपंच ईश्वरी कांशी सहित नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी नपं मगरलोड अशोक चौहान ने आभार व्यक्त किया।

# अधिवेशन में शामिल होने शिक्षामंत्री को दिया निमंत्रण



- कोसरिया यादव समाज का वार्षिक अधिवेशन 4 एवं 5 अप्रैल को

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

छग कोसरिया यादव समाज कुरूद क्षेत्र के पदाधिकारियों का वार्षिक अधिवेशन महासम्मेलन 4 एवं 5 अप्रैल को होगा। अधिवेशन में शामिल होने पदाधिकारियों ने गजेंद्र यादव स्कूल शिक्षामंत्री को निमंत्रण दिया। ज्ञात हो कि यादव समाज द्वारा प्रतिवर्ष वार्षिक अधिवेशन का आयोजन किया जाता है। अधिवेशन में वार्षिक आय व्यय के साथ ही विभिन्न सामाजिक गतिविधियों की समीक्षा की जाएगी। युवक युवती परिचय सम्मलेन भी होगा।

इस अवसर पर छग कोसरिया यादव समाज कुरूद क्षेत्र के उपाध्यक्ष संतोष यादव, संरक्षक झगरूराम, कमलनारायण, जोहतराम, प्यारेलाल यादव, सचिव डेरहूराम यादव, कोषाध्यक्ष रेखराम यादव, सहकोषाध्यक्ष दारुण यादव, प्रचारमंत्री तुकाराम यादव, बीरसिंग यादव, संगठन मंत्री अमरसिंह, थानसिंह यादव, संतोष यादव, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष महेश यादव, मीडिया प्रभारी चेतन यादव उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### सिंगदेही में मानसगान सम्मेलन का शुभारंभ



**अंवरी।** ग्राम सिंगदेही में तीन दिवसीय मानसगान सम्मेलन एवं लोक कला महोत्सव का शुभारंभ हुआ। मानस मंडलियों ने श्री रामचरितमानस की महत्ता बताई। उनके आदर्शों को आत्मसात करने की बात कही। मानसगान सुनने समिति अध्यक्ष गोपीकिशन साहू, उपाध्यक्ष बिशाल यादव, सचिव बीरसिंग यादव, सहसचिव ओमप्रकाश ध्रुव, कोषाध्यक्ष लोकनाथ साहू, सलाहकार विष्णु हिरवानी, राकेश साहू, संरक्षक जयराम देवदास, गोविन्द बांधे सहित बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित थे।

### श्रद्धा और उत्साह के साथ मनेगा चैट्रीचण्ड्र पर्व



**धमतरी।** सिंधी समाज का प्रमुख धार्मिक और सांस्कृतिक पर्व चैट्रीचंड, श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ मनाने की तैयारी चल रही है। यह पर्व भगवान झूलेलाल की जयंती के रूप में मनाया जाता है, जिन्हें सिंधी समाज अपना इष्ट देव मानता है। साथ ही यह दिन सिंधी नववर्ष का भी प्रतीक है, इसलिए समाज में इसका विशेष महत्व है। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को मनाए जाने वाले इस पर्व पर मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और सत्संग का आयोजन किया जाता है। श्रद्धालु भगवान झूलेलाल से सुख, शांति, समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना करते हैं। कई स्थानों पर प्रभात फेरी, शोभायात्रा और आकर्षक झांकियों के माध्यम से भगवान झूलेलाल के जीवन से जुड़े प्रसंगों का प्रदर्शन किया जाता है। घर-घर में दीप प्रज्ज्वलित कर प्रसाद वितरण किया जाता है। महिलाएं और बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेते हैं, जिससे सिंधी संस्कृति की झलक दिखाई देती है।

### खेलकूद जीवन का अभिन्न अंग : डॉ. जायसवाल





**आमदी।** शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल के निर्देशन व क्रीड़ा प्रभारी अंकित बोधवानी सहायक प्राध्यापक वाणिज्य के मार्गदर्शन एवं तरूण बैनर्जी सहायक प्राध्यापक भूगोल, डीगेश्वर अटल सहायक प्राध्यापक भूगोल व अतिथि सहायक प्राध्यापकों के सहयोग से 28 से 30 जनवरी तक वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल ने कहा कि खेलकूद न केवल स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है बल्कि एकाग्रता बढ़ाकर आत्मविश्वास भी विकसित करते हैं। खेल हमें हार से सीखकर आगे बढ़ना और जीवन की चुनौतियों का सामना करना सिखाते हैं। खेल से छात्र–छात्राओं का व्यक्तित्व विकास होता ही है साथ ही साथ टीम भावना से खेल खेलकर नेतृत्व करने की क्षमता में वृध्दि होती है। मौके पर अतिथि प्राध्यापक युगेश्वर प्रसाद साहू, रमेशकुमार, महेशकुमार, डॉ. उपमा, डॉ. खुशबू ठाकुर, जनभागीदारी सहायक प्राध्यापक भुजेश मंडावी, प्रयोगशाला तकनीशियन श्रीमती सविता गिलहरे समेत छात्र-छात्राओं का सहयोग रहा।

### मेडिकल रिलीफ फंड से दी आर्थिक सहायता राशि



**कुरुद।** संयुक्त शिक्षक कल्याण समिति कुरूद द्वारा स्थापित मेडिकल रिलीफ फंड की पंजीकृत सदस्य श्रीमती मधुबाला चंद्राकर व्याख्याता शाउमा शाला बगौद के आकस्मिक निधन हो जाने के कारण उनके परिवारजन के बीच पहुंचकर संवेदना व्यक्त की तथा उनके आश्रित को 40 हजार रुपए की सहयोग राशि फंड के नियमानुसार दी गई। इसी प्रकार डेमन कुर्रे शिक्षक माशा दरबा मगरलोड के आश्रित की लम्बी अस्वस्थता के कारण 15 हजार रूपए एवं नरेन्द्र सिन्हा शिक्षक माशा गातापार के आश्रित की लम्बी अस्वस्थता के कारण 15 हजार रूपए दिए गए। मौके पर संघ के अध्यक्ष हुमन चंद्राकर, कार्यकारी अध्यक्ष मनीष देव वर्मा सचिव महेन्द्र सोरी, रिलीफ फंड के अध्यक्ष पुरुषोत्तम निषाद, कार्यकारी अध्यक्ष पुरुषोत्तम सेन, हुलेश चंद्राकर, हरिशंकर सेन, टोकेश्वर चंद्राकर, टेकेश्वर साहू, कमलकिशोर साहू, विकास ग़ौर, गजेन्द्र साहू, महेन्द्र चंद्राकर, होमन साहू, प्रकाश चंद्राकर, नारद साहू, अनामिका चंद्राकर, तेजीन बैस, एलिश सालिनी एक्का, हेमलता साहू, डालेश्वरी निर्मलकर, चैनसिंह साहू , हरीश निर्मलकर, फंड के संयोजक मीरा चंद्राकर, डामेंद्र साहू, सदस्य सतीश साहू, ईश्वर साहू, प्रवींद्र साहू, टोवेंद्र बैस, गजेंद्र साहू, भागीरथी चन्द्रवंशी, रामकृष्ण सिन्हा उपस्थित थे।

विश्व आर्द्रभूमि दिवस पर धमतरी वनमंडल ने जागरूकता एवं स्वच्छता कार्यक्रम रखा

# वनों में आग न लगाने व आर्द्रभूमि को स्वच्छ रखने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



विश्व आर्द्रभूमि (वैटलैण्ड) दिवस पर धमतरी वनमडंल द्वारा वन परिक्षेत्र धमतरी के ग्राम विश्रामपुर रामटेकरी एवं वन परिक्षेत्र करेगांव के फूटहामुड़ा एवं वन परिक्षेत्र नगरी व सांकरा अंतर्गत ग्राम दलदली अ एवं ब मटियाबाहरा एवं पुरैनातालाब फरसियां में जागरूकता एवं स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम धमतरी वनमंडलाधिकारी जाधव श्रीकृष्ण के निर्देशानुसार एवं संयुक्त वनमंडलाधिकारी गनोज विश्वकर्मा एवं जितेन्दर कुमार के मार्गदर्शन में हुआ।

कार्यक्रम का क्रियान्वयन प्रशिक्षु सहायक वन संरक्षक डिकेन्द्र नेताम, वन परिक्षेत्र अधिकारी केरेगांव ओंकार सिन्हा, वन परिक्षेत्र अधिकारी नगरी केपी जोशी, नरेशचंद्र देवनाग सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी राकेश तिवारी, मंशाराम साहू एवं वन अमला द्वारा किया गया।

ग्राम अमाली में वेटलैण्ड दिवस पर बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर संबंधित ग्राम के सरपंच, उपसरपंच, वन प्रबंधन समिति के सदस्यगण व स्थानीय ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम अंतर्गत फूटहामुड़ा, विश्रामपुर रामटेकरी, दलदली अ एवं ब, मटियाबाहरा व फरसियां में स्वच्छता अभियान चलाया गया। ग्रामीणों एवं वन कर्मियों ने आर्द्रभूमि क्षेत्र नदी, नाला, तालाब, जलाशय, बांध आदि क्षेत्र को संरक्षित रखने, पेड़ पौधे लगाने, जीवों को संरक्षित करने, वनों में आग न लगाने व आर्द्रभमि को स्वच्छ रखने का संदेश दिया गया। स्थानीय ग्रामीणों व वन प्रबंधन समिति के सदस्यों को आर्द्रभूमि (वेटलैंड) की आवश्यकता, उसकी पारस्थितिक महत्ता एवं संरक्षण के महत्व के बारे मेंजानकारी दी गई। इस अवसर पर जनपद सदस्य श्रीमती चंद्रकला साहू, माकरदोना सरपंच सहदेव मरकाम, अध्यक्ष वन प्रबंधन समिति लखनलाल मरकाम, महिला स्वसहायता समिति के सदस्य चमरूराम, अध्यक्ष वन प्रबंधन समिति लहसुनवाही समेत वनरक्षक श्रीमती नारायणी पस्दिा, श्रीमती वीणा ठाकुर, कुलेश्वर बघेल, दुलेश्वर मार्कण्डेय, हर्ष सिन्हा, राजाराम साहू मौजूद थे।

## खेल गतिविधियां टीमवर्क और आपसी समन्वय को मजबूत करती हैं



- सिंध प्रीमियर लीग क्रिकेट के आयोजन में पहुंचे भाजपाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के मिशन ग्राउंड में पूज्य पंचायत सिंधी समाज एवं युवाओं द्वारा आयोजित एसपीएल सिंध प्रीमियर लीग के सेमीफाइनल में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू एवं भाजपाई पहुंचे।

सेमीफाइनल मैच का टॉस करवाकर श्रीमती साहू ने दोनों टीमों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैदान पर सीखे गए अनुशासन, धैर्य और सहयोग के गुण सीधे पेशेवर जीवन में दिखाई देते हैं। समाज का यह आयोजन निश्चित कई प्रतिभाओं को अपना हुनर दिखाने का बेहतर मौका प्रदान कर रहा है। खेल गतिविधियां टीमवर्क, नेतृत्व क्षमता और आपसी समन्वय को मजबूत करती हैं। खेलों से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और आत्मविश्वास में भी वृद्धि होती है। इस अवसर पर सिंधी समाज के अध्यक्ष चंदू जैसवानी, नगर निगम एमआईसी प्रभारी द्वय नरेंद्र रोहरा, विजय मोटवानी, भाजपा जिला महामंत्री द्वय राकेश साहू महेंद्र पंडित, डीपेंद्र साहू, विजय साहू, जय हिन्दूजा, भाजयुमो जिला अध्यक्ष शुभांक मिश्रा, देवेश अग्रवाल, दौलत वाधवानी, मनीष आसवानी, दीपक ललवानी, बंटी वाधवानी, राजू पंजवानी, अभिषेक कोटवानी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## डाइट नगरी में हुआ उन्मुखीकरण कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

शासकीय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान नगरी में माध्यमिक शाला के प्रधानपाठकों का डीएलएड प्रथम वर्ष के शाला अवलोकन के संदर्भ में एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य पी राय के निर्देशन में किया गया। शाला अवलोकन के उद्देश्य के संबंध में पीएसटीई प्रभारी डीके साहू ने विस्तार से चर्चा की। प्राचार्य पी. राय ने छात्राध्यापकों के लिए सामान्य निर्देश पर बात की। जोहन नेताम एवं संगीता रणघाटी व्याख्याता ने छात्राध्यापकों की गतिविधियों पर चर्चा की। व्याख्याता नरेंद्र देवांगन एवं भूपेंद्र साहू ने प्रधानपाठकों के लिए शाला अवलोकन को बेहतर बनाने की बात कही।

प्रधानपाठक शेष सोम, कौशल प्रसाद साहू, गणेशिया नवरंगे, रामकृष्ण ठाकुर एवं कमार विद्यालय नगरी के प्राचार्य महेश्वर जय सिंधु ने शाला अवलोकन से संबंधी अनुभव की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन डीके साहू सहायक प्राध्यापक ने किया। आभार प्रदर्शन जोहन नेताम ने किया। इस कार्यक्रम में डीएलएड द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापक पार्थ सरोज एवं रामेश्वरी साहू ने शाला अनुभव से संबंधित जानकारी शेयर की।

कार्यक्रम में माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक अंजना बैस, गितेन्द्र कुमार गौर, दयालु राम खुटे, सरोज प्रधान, अब्दुल अजीज मेमन, सावित्री साहू, देवेंद्र कुमार साहू, हर्षिता साहू, मोहनलाल साहू,लोचन साहू, संतोष कुमार साहू, सूरज साहू समेत डीएलएड प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापक उपस्थित रहे। शाला अवलोकन उन्मुखीकरण कार्यक्रम में डाइट के संकाय सदस्य रामनाथ साहू, प्रकाश सिंह, अरविंद सार्वा, ईश्वरी ध्रुव, खिरभान कश्यप, उमेश्वरी ध्रुव का सहयोग रहा।

## "बेटी को उपहार ग्रुप" से सिहाद की बेटी को मिला स्नेह और उपहार



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भखारा क्षेत्र के ग्राम सिहाद निवासी एक जरूरतमंद परिवार की बेटी चुनेश्वरी का रिश्ता बालोद जिले के ग्राम पटेली में तय हुआ है। चुनेश्वरी की मां सविता बाई एवं मौसी भूमिका ने बेटी को उपहार ग्रुप धमतरी की सदस्यों से सहयोग का निवेदन किया। पिता के न होने से उत्पन्न पारिवारिक परिस्थितियों को देखते हुए ग्रुप की सदस्यों ने इस दायित्व को अपनी सामूहिक जिम्मेदारी मानते हुए एक कार्यक्रम में बेटी की पारंपरिक रस्में निभाईं।

श्रीमती रूपांशी गोयल द्वारा बेटी की घरवा रस्म संपन्न की गई। उन्होंने चुनेश्वरी को बिछिया, पायल, ईयरिंग्स, नाक की लौंग, विवाह की साड़ियां, श्रृंगार सामग्री एवं शगुन की राशि भेंट की। घरवा रस्म उनकी सास श्रीमती ममता गोयल एवं जेठानी श्रीमती नेहा गोयल के सहयोग से संपन्न हुई। उल्लेखनीय है कि श्रीमती नेहा गोयल अब तक सात बेटियों की घरवा रस्म निभा चुकी हैं। इसके पश्चात खोल भरने की रस्म हुई। इस अवसर पर श्रीमती माया खंडेलवाल, श्रीमती अनु नंदा, प्रिया पंजवानी, सरिता अग्रवाल, सुलेखा जोशी, वर्षा खंडेलवाल एवं पायल खंडेलवाल नेचुनेश्वरी को तिलक लगाकर चुनरी ओढ़ाकर, शादी की पोशाकें, आभूषण, पर्स, बैग, बर्तन, क्रॉकरी, बेडशीट, ब्लैंकेट, मिठाई एवं शगुन की राशि भेंट की।

ग्रुप की संयोजिका डॉ. सरिता दोशी ने बताया कि वर्ष 2016 से बेटी को उपहार ग्रुप एकल अथवा जरूरतमंद माता-पिता की बेटियों को विवाह से पूर्व उपयोगी उपहार प्रदान कर रहा है। 42 महिलाओं के इस ग्रुप की सभी सदस्य बेटियों के विवाह में सहयोग कर रही हैं।

## श्री रामचरित मानस जीवन जीने की श्रेष्ठ कला है : रोहरा



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम कुरमातराई में श्रीराम चरित मानस कथा महोत्सव का समापन हुआ। मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा थे। अध्यक्षता महामंत्री महेंद्र पंडित ने की। विशेष अतिथि आमदी मण्डल अध्यक्ष विनय जैन, जनपद सदस्य अग्रवाल साहू, लोकेश वैष्णव पूर्व सरपंच थे। मुख्य अतिथि श्री रोहरा ने सीआरपीएफ का टेमेश साहू एवं एमबीबीएस में तेज प्रकाश का चयन होने पर स्मृति चिन्ह भेंटकर उन्हें सम्मानित किया। प्रदेश की ख्यातिप्राप्त मण्डलियों ने प्रभु श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा, सत्य, सेवा और करुणा के भावों को प्रस्तुत किया जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। मुख्य अतिथि महापौर श्री रोहरा ने अपने संबोधन में कहा कि श्रीरामचरित मानस केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की श्रेष्ठ कला है। प्रभु श्रीराम के आदर्श आज भी समाज को सही दिशा देने का कार्य करते हैं। यदि हम उनके चरित्र को अपने आचरण में उतार लें, तो समाज से अनेक कुरीतियां स्वतः समाप्त हो सकती हैं।

महेंद्र पंडित महामंत्री ने कहा कि मानस महोत्सव जैसे आयोजन समाज में संस्कारों को जीवित रखते हैं, यह आयोजन केवल कथा श्रवण का माध्यम नहीं, बल्कि आपसी भाईचारे, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करने का सशक्त मंच है। मौके पर अध्यक्ष शेष नारायण साहू, संयोजक निलेश ध्रुव, उपाध्यक्ष हेमलाल साहू, सचिव टेकराम साहू, कोषाध्यक्ष धनंजय साहू, सहसचिव सतीश साहू, सलाहकार भीषम साहू, दुष्यंत साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार की मांग

- सर्व शैक्षिक संगठन ने कलेक्टर व डीईओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



सर्व शैक्षिक संगठन जिला धमतरी की एक बैठक विगत दिवस कर्मचारी भवन धमतरी में आयोजित की गई, जिसमें जिले में शैक्षिक गुणवत्ता सुधार के नाम पर चल रही व्यवस्थागत कमियों, प्रशासनिक दबाव एवं एकतरफा कार्यवाही पर गंभीर चर्चा की गई। बैठक में संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि वर्तमान में धमतरी जिले में संस्था प्रमुखों एवं शिक्षक संवर्ग के बीच भययुक्त वातावरण निर्मित हो गया है, जिसका सीधा असर अध्यापन कार्य और परीक्षा परिणाम पर पड़ रहा है।

पदाधिकारियों ने बताया कि विगत वर्ष बोर्ड परीक्षा परिणाम संतोषजनक नहीं रहने के पीछे अनेक कारण रहे। मिशन अव्वल के अंतर्गत प्रति माह 5 से 6 दिवस परीक्षाएं आयोजित किए जाने से नियमित शिक्षण बाधित हुआ। इसके साथ ही गैर-शैक्षणिक गतिविधियों, असमय प्रशिक्षण, विभिन्न एनजीओ की दखलअंदाजी, ऑनलाइन कार्यों की अधिकता तथा शिक्षकों की कमी ने भी शिक्षण कार्य को प्रभावित किया। शिक्षा विभाग के कर्मचारियों का अन्य विभागों में संलग्नीकरण तथा निरीक्षण के नाम पर अधिकारियों द्वारा की जा रही एकतरफा प्रशासनिक कार्यवाही से विद्यालयों में भय का माहौल बन रहा है।

संगठन ने इन सभी बिंदुओं को पूर्व में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक में रखने के बावजूद निराकरण न होने पर नाराजगी व्यक्त की। पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो इस वर्ष भी परीक्षा परिणाम प्रभावित हो सकता है, जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग की होगी।

सर्व शैक्षिक संगठन ने अपनी मांगों का ज्ञापन कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी धमतरी को सौंपा। ज्ञापन में शिक्षकों, प्राचार्यों एवं प्रधानपाठकों पर की गई कार्यवाहियों को अपास्त करने, निरीक्षण के दौरान भय और दबाव के स्थान पर सुधारात्मक सुझाव देने तथा शैक्षिक गुणवत्ता सुधार हेतु संगठन द्वारा बताए गए बिंदुओं पर गंभीरता से अमल करने की मांग की गई। संगठन ने मांगें पूरी न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी भी दी।

## सोलर कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ता हुए सम्मानित

- संभागीय कार्यालय धमतरी में रजत जयंती उत्सव मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी निर्माण के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर पूरे छत्तीसगढ़ में रजत जयंती वर्ष मनाया जा रहा है। इसी तारतम्य में 2 फरवरी को संभागीय कार्यालय धमतरी में रजत जयंती पर्व मनाया गया। मुख्य अतिथि अनिल प्रसाद सोनी कार्यपालन अभियंता थे। विशिष्ट अतिथि अर्जुनी के पूर्व सरपंच कालीदास सिन्हा ने कहा कि विद्युत सेवा में गुणात्मक सुधार हुआ है। लो वोल्टेज की समस्या समाप्त हो गई है।

रांवा सरपंच नारदराम साहू, पीपरछेड़ी के सरपंच प्रतिनिधि निमेश साहू ने कहा कि देश की सीमा की रक्षा सेना करती है और देश के भीतर निरंतर विद्युत आपूर्ति करने का महत्वपूर्ण कार्य विद्युत विभाग कर रहा है। विद्युत कर्मी 24 घंटे 365 दिन सतत विद्युत सेवा देने के लिए हरदम तैनात रहते हैं, इनकी जितनी भी तारीफ की जाए कम है। तरसींवा के सरपंच प्रतिनिधि डॉ. वोमेश सिन्हा ने कहा कि मोबाइल में मोर बिजली एप में सभी समस्याओं का समाधान है। धमतरी जोन के सहायक अभियंता बीएल सिन्हा, अर्जुनी उपसंभाग के सहायक अभियंता वामन कुमार साहू, कीएसजी उपसंभाग के सहायक अभियंता तुषार सिन्हा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपभोक्ता शामिल हुए।

आयोजन में बीपीएल, घरेलू, कृषि पंप कनेक्शन एवं प्रधानमंत्री सूर्य का मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर कनेक्शन लेने वाले पांच-पांच उपभोक्ताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सोलर कनेक्शन लेने वाले चिन्ताहरण साहू ने कहा कि सोलर कनेक्शन लेने के बाद मेरा बिजली बिल शून्य हो गया है। रामपुर वार्ड निवासी श्रीकांत सरोज ने कहा कि सोलर कनेक्शन से बिजली बिल जमा करने की चिंता ही समाप्त हो गई। अरुण कुमार तिवारी महिमासागर वार्ड, गोकुलपुर निवासी मस्तराम साहू, जोधापुर निवासी जीएल गजेंद्र आदि को सोलर कनेक्शन प्राप्त करने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अनिल प्रसाद सोनी कार्यपालन अभियंता ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य बनने के पश्चात इन 25 वर्षों में विद्युत लाइन के विस्तार, बहुतायत संख्या में ट्रांसफार्मर की स्थापना से विद्युत आपूर्ति में गुणात्मक सुधार हुआ है।

# अब ग्रामीणों को बारिश में कीचड़ से मिलेगी मुक्ति

**नगरी।** ग्राम पंचायत अमाली के आंतरिक मार्ग में ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांग के अनुरूप 470 मीटर सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हृदय साहू ने किया। भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुएश्री साहू ने कहा कि सीसी रोड निर्माण से ग्रामीणों को बारिश के मौसम में कीचड़ और आवागमन की समस्याओं से राहत मिलेगी तथा गांव के आंतरिक मार्गों की स्थिति बेहतर होगी। उन्होंने विकास कार्यों में ग्रामीणों के सहयोग की सराहना करते हुए भविष्य में भी जनहित के कार्य निरंतर जारी रखने की बात कही। इस अवसर पर सरपंच हिरोंदी ध्रुव, उपसरपंच जीत सेन, पंच हरचंद साहू, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष रामदयाल साहू, देवकुमार कश्यप, अंकुश देवांगन, वर्षा साहू, यशबाई, इंदिरा ध्रुव, दीनदयाल सेन मंडल संगठन मंत्री, मंडल नगरी



ग्रामीण अध्यक्ष धनसिंह साहू, कन्हैया देवांगन, जागेश्वर पाटोदी, अनिरुद्ध साहू, अजय नाग, जगतराम साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### वीबी जी-राम-जी अधिनियम से ग्रामीण विकास को मिलेगी नई दिशा : मिश्रीलाल

**धमतरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण विकास के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम उठाए जा रहे हैं।



विकसित भारत जी राम जी अधिनियम 2025 लागू होने से ग्रामीण क्षेत्र में विकास के नए आयाम देखने को मिलेंगे और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में यह मील का पत्थर साबित होगा। यह बातें भोथली धमतरी के मंडल अध्यक्ष मिश्री लाल पटेल ने कही। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम किसानों, मजदूरों और गरीब वर्ग को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के उद्देश्य से लाया गया है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। इस अधिनियम के तहत 125 दिनों के सुनिश्चित रोजगार की कानूनी गारंटी मिलेगी। इससे मजदूरों की आय में स्वाभाविक रूप से वृद्धि होगी।

### प्रभातफेरी निकली देशभक्ति गीत व नाटक का हुआ मंचन

**आमदी(धमतरी)।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय आमदी में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ वीर शहीदों व भारत के महापुरुषों एवं भारतमाता, ओम, सरस्वती माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रभातफेरी निकाली गई। देशभक्ति गीत, नाटक , कविता, भाषण द्वारा लोगों में देशप्रेम की भावना जागृत करने का प्रयास किया गया। मुख्य अतिथि खिलेश्वर किरण मुख्य प्रबंधक गायत्री परिवार जिला धमतरी थे। अध्यक्षता तेजराम साहू अध्यक्ष सरस्वती शिक्षण समिति आमदी ने की। विशिष्ट अतिथि देवलराम साहू, दाऊलाल साहू, थानेंद्र साहू, टामन निर्मलकर, लोकेश साहू, डीलेश्वर साहू थे। इस समारोह में प्राचार्य जनकराम साहू, प्यारेलाल साहू, चंद्रहास साहू, तारिणी साहू, तेश्वरी पटेल, रेणुका साहू, लोमिका साहू का सहयोग रहा।

कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में विकास कार्यों के प्रगति की समीक्षा की

# विकास, ऊर्जा स्वावलंबन और वित्तीय समावेशन प्रशासन की प्राथमिकता : मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समय-सीमा बैठक में जिले के समस्त विभागों के विकास कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, ग्रामीण विकास, कृषि, उद्योग, शहरी विकास एवं अवसंरचना सहित सभी प्रमुख क्षेत्र में लक्ष्यानुरूप, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में वनमण्डलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गजेन्द्र ठाकुर, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा देवहारी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे ।

शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री मिश्रा ने विद्यार्थियों के शैक्षणिक परिणामों में सुधार, कमजोर एवं मेधावी छात्रों के लिए विशेष कक्षाओं के संचालन, ई-विद्या, पीएम-श्री मॉडल स्कूल, जेईई/नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी तथा डिजिटल नवाचारों को प्रभावी रूप से लागू करने पर जोर दिया। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा में कॉलेज सुदृढ़ीकरण, नए प्रोजेक्ट्स, स्किल सेंटर, इन्क्यूबेशन गतिविधियों एवं आईटीआई उन्नयन की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

उन्होंने नगरी एवं भखारा क्षेत्र सहित जिले में चल रहे अवसंरचना विकास कार्यों पर विशेष ध्यान दिया गया। लोक निर्माण विभाग द्वारा वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के कार्यों की प्रगति, 2026-27 के प्रस्तावित कार्य, प्रमुख सड़क परियोजनाएं, अनुरक्षण, भूमि अधिग्रहण एवं वन स्वीकृति से संबंधित विषयों की समीक्षा की गई। एनएचएआई एवं पर्यटन परियोजनाओं के अंतर्गत महानदी तट विकास तथा कुरूद एम्फीथिएटर जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स पर भी चर्चा हुई। पीएमजीएसवाई के तहत जनमन सड़कें, कोर-4.0, अनुरक्षण कार्य, कुरूद में गौरव पथ योजनाओं की जानकारी प्रस्तुत की गई।



**स्वास्थ्य एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की समीक्षा**

कलेक्टर श्री मिश्रा ने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत वार्षिक कार्ययोजना, मातृ-शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, टीबी एवं कुष्ठ नियंत्रण, सिकल सेल सपोर्ट, एनीमिया उन्मूलन, अधोसंरचना विकास एवं विशेष स्वास्थ्य शिविरों की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया गया। समाज कल्याण एवं आदिवासी कल्याण योजनाओं में सक्षम योजना, छात्रावास उन्नयन, धरती आबा अभियान, पीएम-जनमन तथा आजीविका संवर्धन कार्यक्रमों को गति देने के निर्देश दिए गए।

**● ग्रामीण विकास, कृषि एवं आजीविका संवर्धन**

बैठक में ग्रामीण विकास एवं कृषि क्षेत्र की समीक्षा में पीएम आवास योजना, मनरेगा, फसल विविधीकरण, बीज वितरण, पशुपालन, मत्स्य एवं उद्यानिकी योजनाओं पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने किसानों एवं स्व-सहायता समूहों की आय वृद्धि को प्राथमिकता देते हुए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

**● उद्योग, एमएसएमई एवं निवेश प्रोत्साहन**

उन्होंने उद्योग एवं कौशल विकास क्षेत्र में औद्योगिक भूमि उपलब्धता, स्किल सेंटर, लखपति दीदी, पीएमईजीपी, एमएसएमई तथा निवेश प्रोत्साहन से जुड़े प्रयासों की समीक्षा की गई और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने हेतु सकारात्मक पहल करने के निर्देश दिए गए। वनमण्डलाधिकारी ने कहा कि विभागीय प्रकरणों का निराकरण प्राथमिकता से किया जाएगा।

**● शहरी विकास एवं अवसंरचना विस्तार**

कलेक्टर ने शहरी विकास एवं अवसंरचना अंतर्गत अमृत मिशन, सड़क, ड्रेनेज, पार्क, स्टेडियम, सोलर परियोजनाएं एवं पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। जनसुविधाओं के विस्तार एवं ऊर्जा स्वावलंबन पर विशेष बल दिया गया। बैंक समन्वय, ऋण प्रवाह एवं योजनाओं के लाभ समय पर आम नागरिकों तक पहुंचाने के निर्देश भी दिए गए।

**● पीएम सूर्यघर एवं निर्वाचन कार्य**

कलेक्टर ने पीएम सूर्यघर योजना के अंतर्गत आवेदनों, इंस्टॉलेशन, ऋण, सब्सिडी, विशेष शिविरों एवं वेंडर समन्वय को तेज करने के निर्देश दिए गए। निर्वाचन संबंधी एसआईआर कार्य में डेटा मैपिंग शीघ्र पूर्ण करने पर भी जोर दिया गया।

## स्नेह सम्मेलन में छात्राओं ने दी मनमोहक प्रस्तुति



■ छात्राओं को राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए : रोहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासकीय नारायण राव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में स्नेह सम्मेलन समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में छात्राओं की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल उपलब्धियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा ने कहा कि कन्या शिक्षित समाज की रीढ़ है । छात्राओं को आत्मनिर्भर बनकर राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने महाविद्यालय द्वारा छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। विशिष्ट अतिथि नेहरू निषाद अध्यक्ष, धनेश्वरी साहू जिला पंचायत सदस्य, विनय जैन, मिश्री पटेल, पार्षद ईश्वर सोनकर, नीतू त्रिवेदी, अशोक सिन्हा, सीमा चौबे, लोकेश टंडन एवं आयुष दीवान थे। स्नेह सम्मेलन के दौरान खेल एवं युवा कल्याण विभाग 2025-26 अंतर्गत जिला स्तरीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त कर छात्राओं के चेहरे पर आत्मविश्वास और प्रसन्नता झलकती नजर आई। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं।

## बॉडी बिल्डिंग में मयंक को गोल्ड मेडल मिला



**धमतरी।** नेशनल बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में धमतरी के मयंक पटेल को गोल्ड मेडल मिला। विगत दिनों राष्ट्रीय बॉडीबिल्डिंग चैंपियन ऑफ चैंपियन दल्लीराजहरा में आयोजित हुई थी जिसमें मयंक पटेल ने हिस्सा लिया और अपनी अच्छी बॉडी फिजिक्स से नेशनल चैंपियन ऑफ चैंपियन में 70 किलो वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त किया साथ ही ओवर ऑल चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर महापौर रामू रोहरा, लक्ष्मण पहलवान, डॉ. सीएस चौबे, जेपी देव, देवेंद्र यादव, कोच योगेश साहू, टिक्की निर्मलकर, ममता ठाकुर समेत अनेक लोगों ने हर्ष जताया है।

## केंद्रीय बजट आम जनता के साथ छलावा : योगेश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष योगेश शर्मा ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट आम जनता, किसानों, युवाओं और मध्यम वर्ग की उम्मीदों पर पूरी तरह खरा नहीं उतरा है। उन्होंने कहा कि यह बजट केवल बड़े उद्योगपतियों और पूंजीपतियों को लाभ पहुंचाने वाला है, जबकि आम नागरिकों को महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट से कोई राहत नहीं मिली।



श्री शर्मा ने कहा कि बजट में किसानों की आय दोगुनी करने की बात एक बार फिर केवल कागजों तक सीमित रह गई है। खाद, बीज, डीजल और बिजली की बढ़ती कीमतों पर कोई ठोस घोषणा नहीं की गई। न्यूनतम समर्थन मूल्य को लेकर भी सरकार की मंशा स्पष्ट नहीं है, जिससे किसान स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि युवाओं के लिए रोजगार सृजन को लेकर बजट पूरी तरह मौन है। बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है, लेकिन नए रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए कोई ठोस योजना सामने नहीं आई। शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी क्षेत्रों के बजट में भी अपेक्षित बढ़ोतरी नहीं की गई, जिससे आम जनता को निराशा हाथ लगी है।

## सोने का वर्क चढ़ा कालिख छुपाने जैसा है यह बजट : कविता

**धमतरी।** केंद्र सरकार के इस वर्ष पेश बजट पर प्रतिक्रियाएं तेज हो गई हैं। सत्तापक्ष जहां इसे विकासोन्मुख बता रहा है, वहीं सामाजिक कार्यकर्ता कविता बाबर ने इसे जमीनी हकीकत से दूर बताते हुए कहा कि यह बजट सोने का वर्क चढ़ाकर कालिख छुपाने जैसा है। उनके अनुसार, आर्थिक सर्वेक्षण 2025 के आंकड़े बताते हैं कि सरकार की आय में अपेक्षित वृद्धि नहीं हुई। पिछले वर्ष इनकम टेक्स, जीएसटी व अन्य स्त्रोतों से 28 लाख 37 हजार करोड़ रुपये की आय हुई थी, जो इस वर्ष बढ़कर 28 लाख 66 हजार करोड़ रुपये हुई लगभग 1 प्रतिशत वृद्धि हुई। वहीं कर्ज पर ब्याज की देनदारी 12 लाख 75 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर 14 लाख करोड़ रुपये हो गई यानी करीब 10 प्रतिशत वृद्धि। श्रीमती बाबर का कहना है कि आय कम और व्यय अधिक बढ़ना आर्थिक असंतुलन दर्शाता है।



उन्होंने कहा कि 2014 तक देश पर 55 लाख करोड़ रुपये कर्ज था, जो अब लगभग 225 लाख करोड़ रुपये हो चुका है। बुलेट ट्रेन और स्मार्ट सिटी जैसे पुराने वादे अभी अधूरे हैं, जबकि नए दावे किए जा रहे हैं। श्रीमती बाबर ने कहा कि 80 करोड़ लोग मुफ्त राशन पर निर्भर हैं, 30 करोड़ लोग कर्ज में दबे हैं और आमदनी का 40 प्रतिशत हिस्सा किस्तों में जा रहा है। उन्होंने सरकार से किसानों, युवाओं और मध्यम वर्ग के हित में ठोस कदम उठाने की मांग की।

## भारत-अमेरिका ट्रेड डील विकसित भारत की दिशा में ऐतिहासिक कदम : प्रीतेश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छग भाजपा प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत और अमेरिका के बीच हुई ऐतिहासिक ट्रेड डील का स्वागत किया। उन्होंने इसे भारत को वैश्विक आर्थिक शक्ति के शिखर पर स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।



श्री गांधी ने कहा कि अमृत काल में सम्पन्न यह डील समृद्धि की नई धारा प्रवाहित करेगी और विकसित भारत 2047 के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान करेगी। अमेरिका द्वारा मेड इन इंडिया उत्पादों पर टैरिफ 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करना भारतीय उद्योगों के लिए बड़ी उपलब्धि है। इससे भारतीय उत्पाद अमेरिकी बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी होंगे और उनकी मांग बढ़ेगी। इस डील से किसानों, एमएसएमई, स्टार्टअप, उद्यमियों और युवाओं को लाभ मिलेगा, जबकि टेक्सटाइल, मशीनरी, ऑटो-पार्ट्स, सी फूड और हीरा-जवाहरात जैसे प्रमुख निर्यात क्षेत्रों को नई गति मिलेगी। उत्पादन, नवाचार और कौशल आधारित रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। श्री गांधी ने कहा कि यह समझौता निवेशकों के विश्वास को मजबूत करेगा और आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को सुदृढ़ करते हुए देश को वैश्विक अर्थव्यवस्था में निर्णायक भूमिका देने में सहायक होगा।

# सिरपुर में सीएम साय ने महानदी स्वच्छता पोस्टर का किया विमोचन

■ आस्था मंच 2012 से निरंतर स्वच्छता एवं जनजागरुकता अभियान चला रही

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक धरोहर सिरपुर में आयोजित माघी पुन्नी मेला के अवसर पर आस्था मंच द्वारा चलाए जा रहे महानदी सफाई अभियान के लगभग 15 वर्ष पूर्ण होने पर महानदी स्वच्छता पोस्टर का विमोचन मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया।

इस अवसर पर महासमुंद प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल, मलेशिया, जापान और कोरिया से आए बौद्ध संत, महासमुंद विधायक राजू सिन्हा, बसना विधायक सम्पत अग्रवाल, बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, पूर्व विधायक विमल चोपड़ा, स्काउट गाइड आयुक्त इन्द्रजीत खालसा, भाजपा जिलाध्यक्ष येत्तराम साहू तथा हिन्दू जागरण मंच के नेता दीपक ठाकुर उपस्थित थे।

महानदी सफाई अभियान के संयोजक एवं आस्था मंच के सह संरक्षक हेमराज सोनी ने बताया कि महानदी छत्तीसगढ़ की जीवनदायिनी नदी है। संस्था वर्ष 2012 से चित्रोत्पला महानदी मैया के उद्गम स्थल सिहावा पर्वत से लेकर संगम स्थल राजिम (प्रदेश का प्रयागराज) तथा चंद्रहासिनी तक निरंतर स्वच्छता एवं जनजागरूकता अभियान चला रही है।

विभिन्न तीर्थ स्थलों पर मां गंगा महानदी चित्रोत्पला की आरती प्रत्येक पूर्णिमा के साथ-साथ हर सोमवार को रुद्रेश्वर महादेव (राजिम), शिवरीनारायण और सिरपुर में नियमित रूप से की जाती है। महानदी के विभिन्न घाटों पर समय-समय पर स्वच्छता अभियान भी चलाया जाता है, जिससे नदी की पवित्रता और स्वच्छता बनी रहे।

## मेला छग की पहचान, विरासत को संभाल कर आगे बढ़ाना हमारा धर्म : पं. शर्मा




■ डोंगापथरा में आयोजित रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए समाजसेवी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

डोंगापथरा देवपुर मेला में छत्तीसगढ़ शासन के संस्कृति विभाग के सहयोग से रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की लोक परंपराओं पर आधारित सुआ गीत, जस गीत, राउत नाचा, बांस गीत, पड़की सहित अन्य पारंपरिक प्रस्तुतियों ने देर रात तक दर्शकों को मंत्रमुग्ध किए रखा। ग्रामीण अंचल की जीवंत संस्कृति और परंपराओं का यह आयोजन लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ धर्मप्रेमी एवं समाजसेवी पंडित राजेश शर्मा ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत अत्यंत समृद्ध है, जिसकी राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान है। इस विरासत को संजोकर आगे बढ़ाना हम सभी का नैतिक धर्म है।

उन्होंने मेला-मड़ई को ग्रामीण सभ्यता और संस्कृति का प्रतीक बताते हुए इसे जीवंत बनाए रखने की अपील की। नगर निगम के पूर्व सभापति राजेंद्र शर्मा ने कहा कि सांस्कृतिक आयोजन समाज को जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं, जो एकता, शालीनता और भाईचारे को मजबूत करते हैं। आयोजन समिति के अध्यक्ष दिनेश चंद्राकर, यतीश भूषण श्रीवास्तव एवं धन्नू जांगड़े ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में रामकुमार कौशल, पार्षद पिन्टू यादव, कुलेश सोनी, विकास शर्मा, तिलक यदु, खोवाराम साहू, कैलाश साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

## ओनाकोना में प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव एवं रुद्र महायज्ञ 12 से





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धमतरी जिले से लगे हुए ग्राम ओनाकोना स्थित श्री त्र्यंबकेश्वर धाम में 12 से 16 फरवरी तक पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एवं रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन को लेकर क्षेत्र में श्रद्धालुओं में उत्साह है।

महोत्सव अंतर्गत मंदिर के गर्भगृह में विभिन्न देवी-देवताओं की मूर्ति की स्थापना की जाएगी। इनमें ब्रह्मा, विष्णु, महेश, त्र्यंबकेश्वर (पिंडी स्वरूप), गणेश, कार्तिकेय, लक्ष्मी, पार्वती, ब्रह्माणी, कच्छप अवतार, कुबेर, धन्वंतरि, कालभैरव, पंचमुखी हनुमान, नंदी तथा लक्ष्मी यंत्र की प्रतिष्ठा प्रमुख रूप से होगी। 12 फरवरी को दशविध स्नान, प्रायश्चित कर्म, कलश यात्रा, पंचांग पूजन एवं मंडप प्रवेश, 13 फरवरी को वेदी पूजन, पीठस्थ देवता का आह्वान, अग्नि मंथन, आवरण पूजन एवं जलाधिवास, 14 फरवरी को वेदी पूजन, अग्नि स्थापना एवं अन्न-फलादि अधिवास, 15 फरवरी को प्राण प्रतिष्ठा, मूर्तियों का नेत्रोन्मिलन, महाअभिषेक एवं महाआरती, 16 फरवरी को रुद्र महायज्ञ की पूर्णाहुति होगी।

प्रतिदिन अनुष्ठान प्रातः 8 बजे से शाम 5 बजे तक संपन्न होंगे। इस अनुष्ठान के मुख्यआचार्य खिलेश्वर दुबे रायपुर छग होंगे। आयोजन की तैयारी में मंदिर संस्थापक धमतरी निवासी तीरथराज फूटान (गड्डी), मंदिर व्यवस्थापक सूरज फूटान तथा ग्रामवासी जुटे हैं।

## केंद्रीय बजट मत्स्य पालन और ग्रामीण किसानों के लिए नई उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

किसान मोर्चा, मत्स्य पालन प्रकल्प के प्रदेश संयोजक कृष्णा हिरवानी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को 2026-27 के बजट के लिए धन्यवाद दिया। श्री हिरवानी ने कहा कि यह बजट मत्स्य पालन किसानों, मछुआरों और ग्रामीण किसानों के लिए नई उम्मीदें लेकर आया है। बजट में 500 सरोवरों का कायाकल्प, मछली की ढुलाई सस्ती और मत्स्य पालन केंद्रों को सीधे बाजार से जोड़ने की घोषणा की गई है। डिजिटल कृषि के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार सृजन पर जोर दिया गया है।



पशुपालन और डेयरी क्षेत्र में क्रेडिट लिंक सब्सिडी योजना, पोल्ट्री क्षेत्र के लिए समर्पित संगठन और बुनियादी ढांचे का विकास शामिल है। श्री हिरवानी ने बताया कि इस बजट के पश्चात छत्तीसगढ़ के मत्स्य पालन और कृषि किसानों में खुशी और उत्साह की लहर दौड़ गई है।

# कथा श्रवण से मन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है : सर्वेश्वर आनंद

■ भेण्डसर में भागवत कथा सुनने पहुंचे पूर्व विधायक समेत अनेक जनप्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी




ग्राम भेंडसर में श्रीमद् भागवत पुराण कथा का आयोजन किया गया है। कथावाचक राष्ट्रीय संत सर्वेश्वर आनंद सरस्वती महाराज चित्रकूट ने श्री कृष्ण एवं राधा मैया के बारे में भक्ति के प्रसंग श्रद्धालुओं को सुनाकर मंत्रमुग्ध कर दिया। कथा सुनने लेखराम साहू पूर्व विधायक कुरूद एवं राष्ट्रीय समन्वयक पिछड़ा वर्ग नई दिल्ली, श्रीमती तारिणी चंद्राकर अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, पूर्व ब्लाक अध्यक्ष राजू साहू भी पहुंचे। कथावाचक सर्वेश्वर आनंद ने कहा कि श्रीमद् भागवत महापुराण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं बल्कि मानव जीवन को सत्य धर्म करुणा और भक्ति के मार्ग पर अग्रसर करने वाला दिव्य दर्शन है। कथा श्रवण से मन और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। कथा उपरांत श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए लेखराम साहू ने कहा कि श्रीमद् भागवत महापुराण कथा मानव जीवन को भक्ति के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करती है। ऐसे आयोजन से समाज में सद्भाव और आपसी एकता का भाव सुदृढ़ होता है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
मनाली टूर
03 दिन
Ex-दिल्ली
6, 13, 20, 27 फरवरी 2026
6, 13, 20, 27 मार्च 2026
होटल, टैंपू ट्रैवलर ,खाना, गाईड
राशि:- मात्र 6000/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- S-26, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020